समाचार

# 45 प्लस के दूसरी डोज का वैक्सीनेशन जारी (12 सेंटरों में लगाई जा रही दूसरी डोज, अनिवार्य रूप से लगवाएं वैक्सीन की सेकेण्ड डोज)

कोरबा 13 मई 2021 – प्राथमिकता क्रम में 45 वर्ष आयु से अधिक जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति भी शामिल हैं, को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने का कार्य चिन्हित वैक्सीनेशन सेंटरों में जारी है। इस प्राथमिकता केटेगेरी के व्यक्ति जिन्होने वैक्सीन की पहली डोज लगवा ली है तथा दूसरी डोज लगवाने का निर्धारित समय आ चुका है, वे इन चिन्हित वैक्सीनेशन सेंटरों में प्रातः 10 बजे से पहुंचकर अनिवार्य रूप से वैक्सीन की दूसरी डोज लगवा लें। इसी प्रकार फ्रंटलाईन वर्कर्स जिन्होने प्राथमिकता क्रम में प्रथम डोज लगवा ली है, वे भी इन केन्द्रों में पहुंचकर वैक्सीन की दूसरी डोज लगवा लें। यह ध्यान रखा जाए कि वैक्सीन की दोनों खुराक लेने के पश्चात ही वैक्सीन का पूरा लाभ प्राप्त होता है, यदि वैक्सीन की दोनों खुराक नहीं ली जाएंगी तो वैक्सीन का प्रभाव नहीं होगा। दोनों डोज लेने के पश्चात टीकाकृत व्यक्ति खुद भी संक्रमण से बचेगा, साथ ही उससे उसके पारिवारिक सदस्य या अन्य लोग भी संक्रमण से बचेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत जिन निर्धारित वैक्सीनेशन केन्द्रों में उक्त प्राथमिकता क्रम के 45 वर्ष आयु से अधिक जिसमें 60 वर्ष आयु से अधिक व्यक्ति भी शामिल हैं, के व्यक्तियों को दूसरा डोज प्रातः 10 बजे से लगाया जा रहा है, उनमें जिला अस्पताल कोरबा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा, सी.एस.ई.बी. वेस्ट हास्पिटल, उप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुर, एन.टी.पी.सी.हास्पिटल, सिंचाई कालोनी डिस्पेंसरी, एस.ई.सी.एल. हास्पिटल बांकीमोंगरा, एस.ई.सी.एल. हास्पिटल आदर्शनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुमेधा, सी.एस.ई.बी. ईस्ट हास्पिटल, एस.ई.सी.एल. अस्पताल मुड़ापार, मंगल भवन सेक्टर–2 बालको आदि शामिल है।